आरोप | पुष्पराजगढ़ कॉलेज का मामला, एनएसयूआई ने की कार्रवाई की मांग

# शिक्षक पर छात्रा से अनुचित व्यवहार का आरोप




**अनूपपुर, नवभारत 19 जून।** जिले के पुष्पराजगढ़ स्थित शासकीय स्नातक महाविद्यालय में पदस्थ एक शिक्षक पर छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार और गलत स्पर्श करने के आरोप लगने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने इस संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य एवं एसडीएम को शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार महाविद्यालय में पदस्थ शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र सतनामी पर छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार करने तथा गलत तरीके से स्पर्श करने के आरोप लगाए गए हैं।

### छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल

छात्र संगठन का कहना है कि शिक्षक की कथित गतिविधियों के कारण छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। संगठन ने यह भी दावा किया है कि पूर्व में भी शिक्षक के विरुद्ध इस प्रकार की शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

### तीन दिनों में कार्रवाई करने की मांग

एनएसयूआई द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण सुरक्षित और सम्मानजनक होना चाहिए, लेकिन यदि शिक्षक पर ही ऐसे आरोप लगे तो छात्रों और अभिभावकों का विश्वास प्रभावित होता है। संगठन ने प्रशासन से तीन दिनों के भीतर मामले की जांच पूरी कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

छात्र संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समयावधि में आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो कॉलेज घेराव, प्रदर्शन और चक्का जाम जैसे आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। शिकायत पत्र की प्रतिलिपि उच्च शिक्षा विभाग, कलेक्टर, विधायक, सांसद एवं पुलिस प्रशासन को भी भेजी गई है।

### जांच के बाद ही सामने आएगी सच्चाई

मामले के सामने आने के बाद अब सभी की निगाहें महाविद्यालय और जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। हालांकि अभी तक प्रशासन अथवा संबंधित शिक्षक की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ऐसे में आरोपों की सत्यता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल यह मामला छात्राओं की सुरक्षा, शैक्षणिक संस्थानों की जवाबदेही और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर जिले में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।



# रिश्वत लेते प्रभारी कार्यपालन यंत्री गिरफ्तार

**सुरक्षा निधि और भुगतान जारी करने के बदले मांगी थी 2 लाख रुपये की रिश्वत**

**अनूपपुर, नवभारत 19 जून।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) रीवा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री एके साह को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को उनके निजी निवास स्मार्ट सिटी, अनूपपुर में की गई।

जानकारी के अनुसार रीवा की आरजीए कंस्ट्रक्शन कंपनी को वर्ष 2020-21 में कोरोना काल के दौरान जिले में पाइपलाइन बिछाने, घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा अन्य निर्माण कार्यों का ठेका मिला था। कंपनी द्वारा कार्य पूर्ण किए जाने के बावजूद उसके अंतिम भुगतान की लगभग 14 लाख रुपये की राशि, करीब 7 लाख रुपये की सुरक्षा निधि तथा लगभग 4 लाख रुपये की एफडीआर की वापसी लंबित थी।

### पहले ही 1 लाख 50 हजार की राशि प्राप्त कर चुका था

आरोप है कि इन भुगतानों और जमा राशि की वापसी के एवज में प्रभारी कार्यपालन यंत्री एके साह ने कंपनी के प्रतिनिधि रामाश्रय यादव निवासी बाणसागर कॉलोनी, रीवा से 2 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के अनुसार आरोपी अधिकारी पहले ही 1 लाख 50 हजार रुपये की राशि प्राप्त कर चुका था और शेष रकम देने के लिए दबाव बना रहा था। शिकायत मिलने पर ईओडब्ल्यू रीवा की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद ईओडब्ल्यू ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# प्राकृतिक खेती समृद्ध परंपरा का हिस्सा : कलेक्टर

**ग्राम पंचायत जमुड़ी में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला आयोजित**




**अनूपपुर, नवभारत 19 जून।** कृषक कल्याण वर्ष-2026 के अंतर्गत मिलेट मिशन योजना के तहत विकासखंड अनूपपुर की ग्राम पंचायत जमुड़ी में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने किसानों को प्राकृतिक एवं पारंपरिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

### 50 क्लस्टर विकसित किए गए हैं

कलेक्टर ने कहा कि जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 50 क्लस्टर विकसित किए गए हैं तथा प्रत्येक क्लस्टर में रिसोर्स सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां किसानों को तकनीकी जानकारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है, भूमि की उर्वरता बढ़ती है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं पारंपरिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर जिले को प्रदेश में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की अपील की।

## जैन समाज द्वारा श्रुत पंचमी विधान का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** पारसनाथ दिगंबर जैन स्वर्ण मंदिर लॉर्डगंज, जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा, जैन संरक्षण सभा एवं अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा के सहयोग से मुनि निर्दोष सागर महाराज, निष्कंप सागर महाराज, निष्काम सागर महाराज, गुरुमति माता, द्वमति माता, गुणमती माता के सानिध्य में आज 19 जून को जिनवाणी शोभा यात्रा कमानिया गेट से निकाली जाएगी, जिसके पश्चात मुनि राज एवं माता जी ससंग के प्रवचन विद्यासागर सभागार लाखा भवन में होंगे। धार्मिक आयोजन को लेकर चंदना संभाग अध्यक्ष संध्या जैन, शांत शाखा अध्यक्ष मीना बड़कुल, सचिव संजना जैन और कोषाध्यक्ष भानु प्रिया जैन ने समाज के सभी वर्गों से इस शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा धर्म लाभ लेने का विशेष रूप से निवेदन किया है।

# पर्यावरण जनसुनवाई में उठाए गए जनहित के मुद्दे

**रामपुर-बटुरा परियोजना को लेकर सौंपा गया 7 सूत्रीय मांग पत्र**



**अनूपपुर, नवभारत 19 जून।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की रामपुर-बटुरा ओपनकास्ट परियोजना की उत्पादन क्षमता 2 एमटीपीए से बढ़ाकर 6 एमटीपीए किए जाने के प्रस्ताव पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत खाड़ा परिसर में पर्यावरण जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में ग्राम खाड़ा, कौदैली एवं आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। जनसुनवाई से पूर्व ग्रामीणों ने पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रमेश सिंह के नेतृत्व में बैठक कर निर्णय लिया था कि जब तक उनकी प्रमुख मांगों पर परियोजना प्रबंधन स्पष्ट आश्वासन नहीं देता, तब तक वे जनसुनवाई में भाग नहीं लेंगे। इसके चलते प्रारंभिक चरण में ग्रामीणों ने जनसुनवाई का बहिष्कार किया। इस दौरान 7 सूत्रीय एक मांग पत्र भी सौंपा गया।

### कठना नल-जल योजना रही प्रमुख मांग

ग्रामीणों की ओर से सबसे प्रमुख मांग खाड़ा में कठना नल-जल उद्वहन योजना के शीघ्र क्रियान्वयन की रही। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से लंबित इस योजना के कारण क्षेत्र में पेयजल और कृषि संबंधी समस्याएं बनी हुई हैं। इसके अलावा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता नहीं मिलने का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जय अंबे कंपनी द्वारा बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है, जबकि स्थानीय बेरोजगार युवाओं की उपेक्षा की जा रही है।

## एक नजर में



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले अनूपपुर के जनप्रतिनिधि

**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके भोपाल स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट कर जिले के विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अनूपपुर जिले एवं शहडोल संभाग की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने संबंधी दो महत्वपूर्ण ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपे। प्रतिनिधिमंडल में शहडोल भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष आधा राम वैश्य, नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पर्वती राठौर, भाजपा नेता वाल्मीकि राठौर, युवा नेता नितिन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। विधायक बिसाहूलाल सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अनूपपुर जिला मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा से लगा आदिवासी एवं पिछड़ा क्षेत्र है, जहां स्वास्थ्य सेवाएं चिकित्सकों की कमी के कारण प्रभावित हो रही हैं।




### जिपं सीईओ ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**अनूपपुर, नवभारत।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने जनपद जैतहरी के जनशिक्षा केंद्र सकरा अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल, शौचालय, बिजली, मध्यान्ह भोजन तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रमण के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय सकरा में मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन नहीं पाया गया तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति भी अत्यंत कम मिली। इस पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए विद्यालय परिसर में पेयजल संकट दूर करने के लिए खराब पंप की तत्काल मरम्मत तथा विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# दुग्ध चिलिंग प्लांट को पुन: शुरू करने पर की चर्चा

**जिला पंचायत सीईओ ने किया बिजुरी प्लांट का निरीक्षण**



**अनूपपुर, नवभारत 19 जून।** जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों को बेहतर विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने शुक्रवार को बिजुरी स्थित दुग्ध शीतलन केंद्र (चिलिंग प्लांट) का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय दुग्ध उत्पादक समितियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर प्लांट को पुन: सक्रिय किए जाने की संभावनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने दुग्ध संकलन की वर्तमान स्थिति, किसानों की सहभागिता तथा प्लांट के संचालन में आ रही चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि चिलिंग प्लांट के नियमित संचालन से क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों को अपने दूध के विपणन के लिए बेहतर मंच मिलेगा, जिससे उन्हें उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

### दुग्ध समितियों के साथ समन्वय स्थापित करें

सीईओ अर्चना कुमारी ने समितियों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए और संचालन संबंधी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और दुग्ध व्यवसाय को मजबूत बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों और समितियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर चिलिंग प्लांट को पुन: संचालित करने के लिए व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए।



# जल संरक्षण के लिए मंत्री जायसवाल ने किया श्रमदान

**दुलहीकुंड नाले की सफाई में जनप्रतिनिधियों ने संभाली कमान**

**बिजुरी, नवभारत 19 जून।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका परिषद बिजुरी के वार्ड क्रमांक-1 स्थित दुलहीकुंड नाला (मौहरी) में विशेष श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने नाले की साफ-सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण तथा पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने स्वयं श्रमदान कर अभियान को गति प्रदान की। उनके साथ नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष शहबीन पनिका, नगर पालिका के उपयंत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### गंदगी एवं अवरोधों को हटाया गया

श्रमदान के दौरान नाले में जमा गंदगी एवं अवरोधों को हटाया गया तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है।

# डॉ. स्मृति साहू अमेरिका में बनीं अवॉर्ड जज



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर शहर की बेटी डॉ. स्मृति साहू को अमेरिका के एरिज़ोना स्टेट की राजधानी फीनिक्स में आयोजित इंटरनेशनल साइंस और इंजीनियरिंग फेयर में ग्रैंड अवार्ड जज नियुक्त किया गया है। डॉ. स्मृति साहू जबलपुरवासी देश-विदेश के जाने-माने साहित्यकार और व्यंग्यकार राकेश सोहम् की बेटी हैं, जिन्होंने अपनी इन उपलब्धियों का पूरा श्रेय अपनी माँ सुनीति और पिता राकेश सोहम् को दिया है। डॉ. स्मृति साहू ने जबलपुर के ज्ञान गंगा इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद आईआईटी इंदौर से एमटेक और डॉक्ट्रेट की डिग्री हासिल की थी और वे वर्तमान में अमेरिका की एरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी में मटेरियल साइंस की प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

## 71 हजार आवेदनों का निराकरण

**जबलपुर।** राज्य एवं केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले की सभी सात जनपद पंचायतों एवं नगर निगम जबलपुर सहित सभी नगरीय निकायों में आयोजित किये गये तीन दिनों के जनकल्याण शिविरों में आम नागरिकों से प्राप्त हुए 71 हजार 212 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

# एमपी एण्ड सीजी अमरकंटक टैंक शिविर आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** एन सी सी ग्रुप मुख्यालय जबलपुर के निर्देशन में एम पी एण्ड सी जी अमरकंटक टैक शिविर 17 जून से 24 जून तक कैम्प कमांडेण्ट कर्नल दिनेश जायसवाल के मार्गदशन में आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ निर्देशालय से जबलपुर, भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, सागर एवं रायपुर ग्रुप मुख्यालयों से 510 कैडेटस् एवं 15 एएनओ भाग ले रहे है, शिविर में पहले दिन कैम्प कमांडेण्ट के द्वारा ओपनिग एडेस का आयोजन किया गया जिसमें कैम्प कमांडेण्ट ने कैडेटो को टेकिग शिविर के बारे में संबोधित कर आगामी दिवस में आयोजित होने वाले कार्यकम के बारे में जानकारी दी एवं कैडेटो को मुख्यता टेकिंग के दौरान कौन सी बातो का ध्यान रखना है जिसे कैडेटो को कोई नुकसान एवं परेशानी न हो शिविर में आये कैडेटो को पांच समूह में बाटा गया है जिससे एक दिन में सभी रूटो में कैडेटस् ट्रेकिंग कर सके कैम्प कमांडेण्ट के द्वारा फलेग आर्फ कर ट्रेकिग का शुभआंरभ किये कैडटस् कैम्प एरिया से माई की बगीया, शम्भू धारा, कबीर चबूतरा, नर्मदा उदगम स्थल एवं जैन मंदिर तक ट्रेकिंग के लिये रबाना हुये इन सभी कार्यकलापो में उपस्थित डिप्टी कैम्प कमांडेण्ट मेजर कलकलता चौरे, सुबेदार मेजर मेघ सिंह, सुबेदार मेजर अमृतपाल सिंह एन सी सी अधिकारियों, पी आई स्टाफ एवं सिविल स्टाफ का सम्पूर्ण योगदान मिल रहा है।

कार्यशाला | सर्प जागरूकता कार्यशाला में सर्प मित्रों को किया गया सम्मानित

# प्रकृति संतुलन के लिए सांपों का संरक्षण जरूरी



**अनूपपुर, नवभारत 19 जून।** अनूपपुर वन मंडल द्वारा गुरुवार को किरर वन चौकी परिसर में वन मंडल स्तरीय एक दिवसीय सर्प जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक शहडोल एमपी सिंह ने कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए सांपों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सर्पों से होने वाली घटनाओं को कम करने के लिए आमजन में जागरूकता, सतर्कता और वैज्ञानिक जानकारी का प्रसार जरूरी है। कार्यक्रम में भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के सर्प वैज्ञानिक डॉ. जिज्ञासु डोलिया एवं सर्प अध्ययनकर्ता मयंक बागची ने विभिन्न प्रजातियों के सर्पों की पहचान, उनके व्यवहार, रहन-सहन, आहार एवं संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### खतरा महसूस होने पर ही डसते हैं सांप

उन्होंने बताया कि सांप सामान्यत: मनुष्यों पर हमला नहीं करते, बल्कि स्वयं को खतरा महसूस होने पर ही काटते हैं। सर्पों द्वारा चूहों, मेंढकों एवं अन्य छोटे जीवों का शिकार किए जाने से पर्यावरणीय संतुलन बना रहता है। विशेषज्ञों ने मध्यप्रदेश में पाए जाने वाले प्रमुख विषैले सर्पों भारतीय नाग (कोबरा), कॉमन करैत, बैंडेड करैत तथा रसल वाइपर—की पहचान एवं उनसे बचाव के उपाय बताए।

### विषैले सर्पों की जानकारी साझा की

इसके अलावा अजगर, धामन, पंडोर, भेड़िया एवं अन्य गैर-विषैले सर्पों के बारे में भी जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या अंधविश्वास के बजाय तत्काल मरीज को नजदीकी शासकीय अस्पताल पहुंचाना चाहिए, जहां एंटीवेनम उपलब्ध रहता है।